Kerala SSLC Hindi 2024 Answer Key

1. अजमेर में

2. पटकथा (पाँचवीं कक्षा के रिज़ल्ट आने पर)
स्थान- स्कूल का मैदान ।
समय-सुबह 11 बजे
पात्र-- 1. बेला, करीब 11 साल की लडकी, फ्रॉक पहनी है।
2. साहिल, करीब 11 साल का लडका, कुर्ता और पतलून पहना है।

दृश्य का विवरण- दोनों पाँचवीं कक्षा के रिज़ल्ट जानने के बाद दुख के साथ मैदान के एक पेड के नीचे खड़े हैं।

संवाद -

बेला-अरे साहिल, छठी कक्षा में तुम कहाँ पढोगे ?

साहिल-अजमेर में और तुम कहाँ पढोगी बेला ?

बेला-राजकीय कन्या पाठशाला में। अब तुम यहाँ नहीं रहोगे ?

साहिल-नहीं। तुम्हारा रिपोर्ट कार्ड ज़रा दिखाना

बेला-ठीक है, तुम्हारा भी दिखाना। (दोनों रिपोर्ट कार्ड एक दूसरे को दिखाते हैं।)

साहिल-अरे तू रोती क्यों ?

बेला-(हँसते हुए) कुछ नहीं। साहिल अरे तू भी रोता है न ?

साहिल-नहीं तो ? अरे वर्षा की संभावना है। हम घर चलें।

बेला-ठीक है, फिर मिलेंगे।

साहिल-ठीक है बेला, बाई।

3. माँ की आवाज़ फट जाने से चार्ली को स्टेज पर गाना पड़ा।

4. चार्ली ने अपनी निष्कलंकता से गीत गाकर, बातचीत करके, नृत्य करके और गायकों की नकल उतारकर सबको खुश 'किया। उसकी प्रस्तुति और मासूमियत से प्रभावित होकर लोगों ने उसकी प्रशंसा की। लोगों ने उसमें एक महान कलाकार को देख लिया था।